# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 13 मई 2025








GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

# Q. हाल ही में अंडर-19 सैफ एशियाई फुटबॉल प्रतियोगिता टीम में राजस्थान से किसका चयन हुआ है?

(A) विनय चौहान

**(B) मोहम्मद कैफ**

(C) अजय कुमार

(D) इनमें से कोई नही

*♦मोहम्मद कैफ:- अंडर-19 सैफ एशियाई फुटबॉल प्रतियोगिता टीम में कैफ का चयन*

*♦नागौर के मकराना से शुरुआत करने वाले मोहम्मद कैफ का चयन भारतीय अंडर-19 फुटबॉल टीम में हुआ।*

*♦वह 2023 व 2024 में अंडर-16 व अंडर-17 सैफ चैंपियनशिप में भारत को गोल्ड दिला चुके हैं।।*

01. राजस्थान में कृषक उपहार योजना के तहत राज्य स्तरीय ऑनलाइन लॉटरी में किस जिले के किसान गोलू को प्रथम पुरस्कार मिला है

(A) हनुमानगढ़

(B) बीकानेर

(C) कोटा

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थान में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के शासन सचिव राजन विशाल की अध्यक्षता में 12 मई को पंत कृषि भवन में कृषक उपहार योजना के तहत कृषि विपणन विभाग द्वारा राज किसान पोर्टल पर राज्य स्तरीय ऑनलाइन लॉटरी निकाली गई।

♦योजना के तहत कृषि उपज मण्डी कोटा से जुड़े किसान गोलू के दाे लाख 50 हजार रूपये का प्रथम पुरस्कार,

♦योजना में विजेता किसान को पुरस्कार राशि का भुगतान सम्बन्धित मण्डी समिति से किया जाता है

02. राजस्थान का पहला मधुमक्खी पालन उत्कृष्टता केन्द्र कहां बनाया जाएगा?

(A) देवड़ावास, टोंक

(B) पोकरण, जैसलमेर

(C) आमेर, जयपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦टोंक के देवड़ावास में राजस्थान का पहला मधुमक्खी पालन उत्कृष्टता केन्द्र बनाया जाएगा। इसके लिए 263.90 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

♦टोंक जिले में मधुमक्खी पालन उत्कृष्टता केन्द्र खुलने से जिले के बेरोजगार युवाओं एवं किसानों को मधुमक्खी पालन के साथ-साथ शहद उत्पादन का प्रशिक्षण मिलने से सीधा लाभ मिलेगा।

♦केंद्र सरकार के द्वारा बजट में इसकी घोषणा की गई थी

03.राजस्थान में किस बायोलॉजिकल पार्क की बाघिन महक प्रदेश में सबसे लंबी उम्र की बाघिन होने का खिताब अपने नाम कर चुकी है

(a) अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क

(b) सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क

(c) नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦कोटा के अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क की महक, प्रदेश में सबसे लंबी उम्र की बाघिन होने का खिताब अपने नाम कर चुकी है। तीन माह बाद अगस्त में जीवन के 21 साल पूरे करने के साथ ही रिकॉर्ड भी कायम होगा

♦राजस्थान के चिड़ियाघरों के इतिहास में ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है, जब कोई बाघिन 21 साल पूरे करने के करीब पहुंच गई है।

♦कैप्टिविटी में बाघ-बाघिन की उम्र 14 से 16 साल तक मानी जाती है। लेकिन महक 20 साल 9 माह पूरे कर चुकी है।

04.देशभक्ति की भावना और राष्ट्र सेवा की सोच को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'भारत शौर्य संकल्प अभियान' की शुरुआत किस राज्य से की गई है?

(A) राजस्थान

(B) मध्यप्रदेश

(C) हरियाणा

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦देशभक्ति की भावना और राष्ट्र सेवा की सोच को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'भारत शौर्य संकल्प अभियान' की शुरुआत राजस्थान से की गई है।

♦ यह अभियान समाज में देशप्रेम, राष्ट्रीय चेतना और युवाओं में सैनिक सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू किया गया है

♦अभियान के तहत राजस्थान के विभिन्न जिलों में राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम, सैनिक सम्मान समारोह, युवा संवाद, वॉल पेंटिंग्स, मोटिवेशनल वर्कशॉप्स और रैलीज़ आयोजित की जाएंगी।

05.हैदराबाद में 72वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में राजस्थान से कौन देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं?

(A) नंदिनी गुप्ता

(B) प्रियंका शर्मा

(C) प्रिया शर्मा

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

➥हैदराबाद में 72वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का आयोजन शुरू हो गया है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने 11 मई को इस ब्यूटी पेजेंट का उद्घाटन किया।

♦भारत का प्रतिनिधित्व राजस्थान के कोटा की नंदिनी गुप्ता कर रही हैं

♦ भारत की नंदिनी गुप्ता इस प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। वह 'प्रोजेक्ट एकता' के माध्यम से दिव्यांग लोगों के जीवन में सुधार लाने का कार्य भी कर रही हैं।

06. राजीव कैप्टिव एनिमल स्पॉन्सरशिप स्कीम किस राज्य में संचालित की जा रही है?

(A) राजस्थान

(B) हरियाणा

(C) मध्यप्रदेश

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थानजीव कैप्टिव एनिमल स्पॉन्सरशिप स्कीम (बंदी पशु प्रयोजन योजना) राजस्थान में संचालित की जा रही है

♦ यह योजना राजस्थान के जू और जैविक उद्यानों में दुर्लभ व संकटग्रस्त भेड़िया, ग्रेट इंडियन बस्टर्ड, लेसर फ्लोरिन जैसे जीवों की देखभाल और संरक्षण के लिए शुरू की गई थी।

♦इसके तहत वन्यजीव प्रेमी चिड़ियाघर, बॉयोलॉजिकल पार्क में रहने वाले जानवरों को गोद ले सकते हैं।

♦प्रदेश के सभी बायोलॉजिकल पार्क से योजना को शुरू किया गया।

07.राजस्थान वैदिक संस्कार एवं शिक्षा बोर्ड का अध्यक्ष किसे बनाया गया है?

(A) प्रफुल्ल कुमार

(B) अजिताभ शर्मा

(C) प्रोफेसर गणेशी लाल सुथार

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➡राजस्थान सरकार ने प्रदेश में वैदिक संस्कार एवं शिक्षा बोर्ड के गठन को मंजूरी दे दी है. प्रोफेसर गणेशी लाल सुथार को इस बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है.

- राजस्थान वैदिक संस्कार एवं शिक्षा बोर्ड – 2025
- गठन तिथि – 15 अप्रैल 2025
- उद्देश्य – वेदों में निहित ज्ञान-विज्ञान का प्रचार-प्रसार
- कुल सदस्य – 22
- • 12 सरकारी पदेन सदस्य
- • 10 गैर सरकारी सदस्य
- यह राजस्थान में वैदिक शिक्षा हेतु प्रथम बोर्ड है।

08.राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 'निरामय राजस्थान अभियान' का शुभारंभ किया,?

(A) 07 अप्रैल

(B) 01 अप्रैल

(C) 05 अप्रैल

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 07 अप्रैल को 'निरामय राजस्थान अभियान' का आगाज किया

♦चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट की तर्ज पर आज राज्य में निरामय राजस्थान अभियान की शुरूआत की गई है।

♦इसके तहत बीमारियों की रोकथाम के साथ बचाव पर भी जोर दिया जाएगा।

09. हाल ही में किस भारतीय बल्लेबाज ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है?

(a) रविन्द्र जडेजा

(b) विराट कोहली

(c) शुभमन गिल

(d) इनमें से कोई नहीं



**Important Facts:**

♦भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है,

♦36 वर्षीय कोहली ने 123 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 48.7 की औसत से 9,230 रन बनाए हैं, जिसमें 30 शतक और 31 अर्द्धशतक शामिल हैं।

♦उनका अंतिम टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया में 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान हुआ था।

♦उन्होंने 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था।

♦उनके नेतृत्व में भारत ने 68 टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें से 40 में उसे जीत मिली है।

**10. अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस कब मनाया जाता है?**

(a) 10 मई

(b) 09 मई

(c) 07 मई

(d) 12 मई

**Important Facts:**

## ➥ अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस – 12 मई

♦प्रति वर्ष 12 मई को मनाया जाने वाला यह दिन सार्वजनिक स्वास्थ्य और रोगी देखभाल के प्रति नर्सों के समर्पण को दर्शाता है।

♦1820 में जन्मी फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने नर्सिंग में क्रांति ला दी और क्रीमियन युद्ध के दौरान उन्हें "द लेडी विद द लैंप" के नाम से जाना जाने लगा।

♦उनके योगदान के कारण 1860 में नाइटिंगेल स्कूल ऑफ नर्सिंग की स्थापना हुई, जिसने आधुनिक नर्सिंग शिक्षा को आकार दिया।

**Today, Quiz:**

**Q.राजस्थान में ओरण संरक्षण के लिए गठित समिति का अध्यक्ष किसको बनाया गया है**

(A) जितेंद्र राय गोयल

(B) अजय कुमार चौधरी

(C) विनोद भंडारी

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine